## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–20.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **जेएसएससी ने सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के गणित व विज्ञान शिक्षकों के पद के लिए आयोजित परीक्षा का रिजल्ट किया जारी, एक हजार छह सौ इकसठ अभ्यर्थी सफल।**
2. **केंद्रीय गृह सचिव 28 जुलाई को आएंगे रांची, झाखंड के अधिकारियों के साथ उग्रवाद, पुलिस आधुनिकीकरण और साइबर क्राइम सहित विभिन्न मुद्दों पर करेंगे समीक्षा।**
3. **झारखंड बिहार में करोड़ो की जमीन कम दाम में बेचे जाने के सहारा मामले में सीआईडी ने दर्ज की प्राथमिकी, जांच शुरू।**
4. **दूसरी सोमवारी कल, राजकीय श्रावणी मेला देवघर में द□नार्थियों की सुरक्षा के किये गये व्यापक इंतजाम।**
5. **मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में आज और कल भारी बारि□ा की जारी की चेतावनी, 23 जुलाई को आठ जिलों में येलो अलर्ट।**

*****************************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग–जेएसएससी ने सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के गणित और विज्ञान शिक्षकों के पद के लिए आयोजित परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में एक हजार छह सौ इकसठ अभ्यर्थी सफल हुए है। सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद परीक्षा परिणाम जारी किया गया है। गणित और विज्ञान विषय में कुल पांच हजार आठ शिक्षक पद थे। इसके विरुद्ध आयोग ने दो हजार सात सौ चौतीस अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए आमंत्रित किया था। पारा शिक्षक वर्ग में दो सौ इक्हतर और गैर पारा वर्ग में एक हजार तीन सौ 90 सफल हुए है। आयोग की ओर से कहा गया है कि हाईकोर्ट के आदेश पर संशोधन के क्रम में सफल अभ्यर्थियों के आवंटित जिले में परिवर्तन संभव है।

*****************************

केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन 28 जुलाई को रांची आएंगे। वे राज्य के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में उग्रवाद, पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर क्राइम, आपदा प्रबंधन, नारकोटिक्स, काउंटर टेररिज्म सहित अन्य कई विषयों पर समीक्षा होगी बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदाना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित अन्य अधिकारी शाामिल होंगे।

*****************************

झारखंड बिहार में करोड़ो रुपए की जमीन कम दाम में बेचे जाने के सहारा मामले में अपराध अनुसंधान विभाग – सीआईडी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह केस सीआईडी की जांच रिपोर्ट और पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है। सीआईडी की आरंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर अनुराग गुप्ता ने केस दर्ज करने की अनुशंसा की थी। सीआईडी ने अपनी रिपोर्ट में लिखा था कि सहारा समूह ने कई फर्जी कंपनियों के माध्यम से फर्जी व्यक्तियों को अधिकृत कर सेबी को सौंपी गई जमीन के दस्तावेज से संबिधत मास्टर लिस्ट में निर्धारित मूल्य से भी कम कीमत पर जमीन बेची है। इस राशि को सेबी में जमा नहीं कराया गया और न ही आम आदमी को लौटाया गया। जमीन की बिक्री से प्राप्त पैसे को मनमाने ढंग से अपने निजी कार्यो में खर्च किया गया। अब सीआईडी इन सभी विषयों की जांच करेगा।

*****************************

राज्य सरकार 10वीं पास 300 अनुसूचित जन जाति के विद्यार्थियों को मेडिकल और इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए निःशुल्क तैयारी कराएगी। इसके लिए कल्याण विभाग की ओर से कोचिंग के चयन के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। चयनित विद्यार्थियों के रहने और खाने पीने का खर्च भी सरकार उठाएंगी। कोचिंग की शुरुआत रांची स्थित कल्याण विभाग के भवन में होगी। नामांकन के लिए राज्य भर के 10वीं पास विद्यार्थी आवेदन जमा कर सकेंगे। इसके बाद परीक्षा के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार किया जाएगा।

**********************

पलामू जिले में आदर्श ग्राम योजना का सपना अब तक साकार नहीं हो सका है।

**********************

राजकीय श्रावणी मेला की दूसरी सोमवारी के सफल संचालन को लेकर देवघर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने पुलिस अधीक्षक अजित पीटर डुंगडुग सभी दण्डाधिकारी और पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि विनम्रता और सेवाभाव के साथ श्रावणी मेला के लिए पूरी तरह सजग रहे।

उपायुक्त ने कहा कि यह हम सभी के लिए जरूरी है कि हम सभी पूरी सजगता और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें; ताकि दूसरे राज्यों से यहां आने वाले लोग हमारे राज्य की एक अच्छी छवि लेकर यहां से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें।

**********************

हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर सांसद तीर्थ दर्शन यात्रा के तहत चार धाम के लिए पहले जत्थे को रवाना किया गया। इस मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि 65 लोगों को रवाना किया गया है। इसका उद्देश्य सनातन धर्म में तीर्थ यात्रा के महत्व के प्रति तीर्थ यात्रियों को जागरूक करना है।

तीर्थ यात्रा पर जा रही एक बुजुर्ग महिला ने कहा कि हमारे सांसद मनीष जायसवाल हमें तीर्थ यात्रा के लिए ले जा रहे हैं उनकी कृपा से हम पहली बार तीर्थ दर्शन के लिए जा रहे हैं।

**********************

सरायकेला–खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज एक मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। कपाली ओपी प्रभारी धीरंजन कुमार ने बताया कि आरोरपी बीते एक महीने से फरार चल रहा था। उसके विरुद्ध कपाली ओपी में यौन शोषण का मामला दर्ज है।

**********************

सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी कैंप के लिए 40 खिलाड़यों का चयन किया गया है। राष्ट्रीय कैंप में झारखंड की छह खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। साई सेंटर बंगलुरू में 21 जुलाई से 29 अगस्त तक हॉकी कैंप चलेगा। यह शिविर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह टूर्नामेंट 2026 एफआईएच महिला विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने का भी जरिया होगा। पिछले शिविर में शामिल सभी खिलाड़ियों को इसमें मौका दिया गया है।

**********************

मौसम विभाग ने राज्य के लगभग सभी जिलों में आज और कल गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं 25 जुलाई तक रांची सहित कई इलाकों में बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग ने बताया है कि 23 जुलाई को राज्य के आठ जिलों में भारी बारिश की संभावना है इसमें गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिले शामिल हैं। बारिश को देखते हुए इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के पुत्र द्वारा अस्पतालों में किए जा रहे निरीक्षण तथा डाक्टरों को दिए गए निर्देश की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है** उत्पाद आयुक्त ने कर्मी को शराब लेने भेजा, उससे भी वसूल लिए ज्यादा पैसे।

**प्रभात खबर लिखता है** सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए फिर आमंत्रित किए जाएंगे आवदेन।

**हिंदुस्तान लिखता है** रांची में दो फ्लाईओवर और दो सड़कों को मंजूरी

**दैनिक जागरण की सुर्खी है** पूजा सिंघल पर अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने पर ईडी ने दाखिल की याचिका।

**************************